प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 29.11.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- जैसलमेर से राजधानी दिल्ली के बीच आज से नई एक्सप्रेस रेल सेवा की शुरूआत–रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जैसलमेर स्टेशन से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रायपुर में डीजीपी और आईजी के अखिल भारतीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे।

- चालू वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर 8 दशमलव 2 प्रतिशत रही।

- प्रदेश में बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज–आज 6 जिलों में कोहरे का येलो अलर्ट।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज जैसलमेर को नई एक्सप्रेस रेलगाडी की सौगात देंगे। ये ट्रेन जैसलमेर से दिल्ली के बीच चलेगी। श्री वैष्णव और केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जैसलमेर रेल्वे स्टेशन से इस रेल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस मौके पर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल और पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री कैलाश चौधरी भी मौजूद रहेंगे। इस रेल सेवा से जैसलमेर और दिल्ली के बीच सीध जुडाव होगा। इसके साथ ही पर्यटन विकास को भी बढावा मिलेगा। हमारे जैसलमेर संवाददाता ने बताया कि नई रेलगाडी की सौगात से स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है।

....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज छत्तीसगढ़ के रायपुर में डीजीपी और आईजी के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। श्री मोदी आज और कल सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में शामिल होंगे। सम्मेलन की थीम विकसित भारत– सुरक्षा आयाम रखी गई है। तीन दिन के इस सम्मेलन का उद्घाटन कल गृहमंत्री अमित शाह ने किया। इस अवसर पर गृह मंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन देश की आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों को हल करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है जिसमें समस्याओं और चुनौतियों की पहचान करने से लेकर रणनीति और नीतियां बनाने तक शामिल हैं। श्री शाह ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में कट्टरपंथ, उग्रवाद, विद्रोह और नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियानों में भारत ने जो सफलता हासिल की है उसमें हमारे पुलिस बलों का साहस स्पष्ट है।
श्री शाह ने देश के तीन सर्वश्रेष्ठ पुलिस थानों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक और ट्रॉफी भी प्रदान कीं। सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक और केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख भी भाग ले रहे है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 128वीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम को पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी से हिंदी में प्रसारण के बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

चालू वित्त वर्ष 2025–26 की दूसरी तिमाही में जीडीपी बढोतरी दर 8 दशमलव 2 प्रतिशत की रही है। ये पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की विकास दर पांच दशमलव 6 प्रतिशत से काफी अधिक है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मेनिफेक्चरिंग, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं में तेजी के चलते जीडीपी विकास दर 8 फीसदी के ऊपर रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण ने कहा है कि सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी अनुमान अर्थव्यवस्था की मज़बूत गति को दर्शाते हैं।

उन्होंने कहा कि इस जीडीपी वृद्धि दर के साथ, भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि यह बढोत्तरी लक्षित सार्वजनिक निवेश और विभिन्न सुधारों से प्रेरित है। इससे उत्पादकता में बढोतरी हुई है और व्यापार करना सुगम बनाने के क्षेत्र में सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। राजस्थान में भी इस लक्ष्य को ध्यान में रखकर निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। श्री शर्मा कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में फिक्की के वार्षिक सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में हर क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश अब व्यापार, निवेश और साझेदारी के लिए तैयार है।

....

प्रदेशभर में आज 9 महीने से 5 साल तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जा रही है। ये खुराक स्वास्थ्य केन्द्रों, चिकित्सा संस्थानों, आंगनबाडी केन्द्रों और स्कूलों में दी जाती है। ये खुराक 6 महीने के अंतराल से पिलाई जाती है। जयपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि बच्चों को साल में 2 बार विटामिल ए की खुराक देने का विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इससे आंखो की बीमारियां जैसे रतोंधी और अंधता से बचाव के साथ–साथ बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है।

राज्य सरकार राजधानी जयपुर को आधुनिक और मॉडल सिटी बनाने के लिए संकल्पित है। इसके लिए शहर में सड़क, पुल, जंक्शन निर्माण और सुधार के करीब साढे आठ सौ करोड़ रूपये की लागत के काम जारी है। शहर के प्रमुख मार्गो और लिंक कोरिडोर को उन्नत बनाने के लिए पांच सौ करोड़ रूपये के काम किये जा रहे है। इसके साथ ही शहर में करीब 180 करोड़ रूपये के ड्रेनेज कार्य प्रगति पर है। जयपुर विकास प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि शहर में किसी भी परियोजना को रद्द नहीं किया गया है। प्राधिकरण ने कहा है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में इस तरह का भ्रम फैलाया गया था। इसमें कोई सच्चाई नहीं है।

राजधानी जयपुर में ट्रेफिक व्यवस्था में सुधार के लिए सिग्नल सिस्टम में नवाचार किया जा रहा है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि यातायात संचालन को बेहतर करने के लिए शहर के ज्यादा यातायात दबाव वाले पांच प्रमुख पॉईन्ट्स को चिन्हित किया गया है। इसके साथ ही इन स्थानों पर ट्रेफिक लाईटों का अनुकूलन किया गया है इससे वाहन चालको को निर्बाध आवाजाही की सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के अगले चरण में अन्य स्थानों को भी शामिल कर सिग्नल सिस्टम में बदलाव किये जायेंगे।

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से बीते 24 घंटों में राजधानी जयपुर, अजमेर, सीकर, दौसा सहित कुछ अन्य शहरों में हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में तापमान में बढोतरी हुई है। अलवर, फतेहपुर और करौली तीन शहरों में ही रात का पारा 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। अजमेर, जयपुर, सीकर सहित कई स्थानों पर धुंध का असर बना रहा। वहीं बारिश के बाद अब कई स्थानों पर घना कोहरा छाने के आसार है। सिरोही से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में दिन और रात के तापमान में बढोतरी हुई है। हालांकि सुबह शाम ठण्डी हवाओं के साथ सर्दी का असर बना हुआ है।

...

मौसम विभाग ने 6 जिलों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। दिसम्बर महीने की शुरूआत तेज सर्दी से हो सकती है। उत्तरी हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में तीन से 4 डिग्री तक गिरावट आने की संभावना है।